nandgaon times feb-20-4.qxd 2/19/2026 11:57 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

आंको एवं ईस्तारी में धूमधाम से मना... पृष्ठ 2 | पं. किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय.. पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

शुक्रवार, 20 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 129, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## खनिज संपदा से समृद्ध छत्तीसगढ़ के विकास में निभाएं अहम भूमिका : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित नव नियुक्त खनि निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा की दृष्टि से देश के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक है और खनिज प्रशासन के प्रभावी संचालन में मैदानी अमले की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नव चयनित खनि निरीक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं पर ही देश और प्रदेश का भविष्य निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि खनिज विभाग में नई नियुक्तियों से विभागीय कार्यबल मजबूत होगा तथा खनिज अन्वेषण और खनन गतिविधियों को और गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त खनि निरीक्षक अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन करते हुए खनिज प्रशासन से जुड़े



कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती लौह अयस्क, कोयला, बॉक्साइट, लाइमस्टोन, टिन, डायमंड, गोल्ड और लिथियम सहित विभिन्न खनिज संपदाओं से परिपूर्ण है। खनिज राज्य के राजस्व का प्रमुख स्रोत भी हैं और सरकार खनिज राजस्व में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नवनियुक्त अधिकारियों को खनिज राजस्व वृद्धि में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खनि निरीक्षक के रूप में आप सभी के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। पारदर्शिता, ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए राज्य के संसाधनों के संरक्षण और सुव्यवस्थित उपयोग में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 15 अक्टूबर 2025 को 33 खनि निरीक्षकों की चयन सूची जारी की गई थी। खनिज साधन विभाग द्वारा 19 फरवरी 2026 को कुल 32 खनि निरीक्षकों की नियुक्ति आदेश जारी किए गए, जिनमें से 30 नव चयनित खनि निरीक्षकों को आज मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री सौरभ सिंह, सचिव खनिज साधन विभाग श्री पी. दयानंद, संचालक भौमिकी एवं खनिकर्म श्री रजत बंसल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## शिवाजी जयंती के मंच से सियासी हुंकार

## राज्यसभा में छत्तीसगढ़ को मिलेगा मौका, सरकार पर बरसे दीपक बैज

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** शिवाजी जयंती के मौके पर ग्राम जंगलेश्वर में चंद्राकर समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में राज्यसभा चुनाव, अमेरिकाङ्कभारत ट्रेड डील और डी.एड. छात्रों की नौकरी जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी।आगामी मार्च में होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि उम्मीदवार का फैसला पार्टी नेतृत्व करता है, लेकिन इस बार छत्तीसगढ़ के नेताओं को ही राज्यसभा में प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आवाज़ को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने के लिए स्थानीय चेहरों को प्राथमिकता दी जाएगी।



अमेरिकाङ्कभारत ट्रेड डील पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि यह समझौता देशहित में नहीं दिखता। उनके मुताबिक इस डील से भारत के रूस के साथ संबंध प्रभावित हुए हैं और आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से पारदर्शिता और स्पष्टता की मांग की। डी.एड. प्रशिक्षित छात्रों की नियुक्ति को लेकर उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधा। बैज ने कहा कि सरकार को सिर्फ नियुक्ति पत्र देना है, लेकिन इसके बजाय छात्रों पर कार्रवाई की जा रही है। इसे उन्होंने युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय बताया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी से राजनांदगांव जिले को संभाग बनाने की मांग की

### चंपू ने माननीय विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी से बजट में शामिल करने का किया विनम्र आग्रह



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 41 के पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश कुमार चंपू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह जी से मुलाकात कर राजनांदगांव जिले को संभागीय मुख्यालय बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। राजेश कुमार चंपू ने कहा कि राजनांदगांव ऐतिहासिक, भौगोलिक और व्यापारिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण जिला है, इसके बावजूद विकास की रफ्तार अपेक्षित स्तर पर नहीं है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब से शहर में फ्लाईओवर का निर्माण हुआ है, तब से स्थानीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। शहर के मुख्य बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही कम हुई है और छोटे व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि राजनांदगांव को संभागीय मुख्यालय का दर्जा दिया जाता है, तो यहां प्रशासनिक कार्यालय, विभागीय संस्थान और विभिन्न शासकीय गतिविधियों का विस्तार होगा, जिससे शहर के व्यापार को नई संजीवनी मिलेगी। रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और आसपास के जिलों के लोगों को भी प्रशासनिक सुविधाएं सुलभ होंगी। राजेश कुमार चंपू ने मांग की है कि आगामी बजट में संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव को संभाग बनाने की घोषणा की जाए और इसके लिए आवश्यक प्रावधान बजट में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक मांग नहीं, बल्कि जनहित और क्षेत्रीय संतुलित विकास की अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि जनभावनाओं की अनदेखी की गई तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। राजनांदगांव की जनता अब अपने हक और अधिकार के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करने को तैयार है। राजनांदगांव को संभाग बनाने की मांग को लेकर अब शहर में जनसमर्थन तेजी से बढ़ रहा है और विभिन्न सामाजिक, व्यापारी एवं जनप्रतिनिधि संगठनों ने भी इस मांग का समर्थन करना प्रारंभ कर दिया है। सनद रहे कि वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व पार्षद राजेश कुमार चंपू जनहित की मांग को समय -समय उठाते रहें हैं, पूर्व में वे स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा का अधिकार कानून में किए संसोधन को यथावत रखने सहित जिले में हवाई अड्डा की सूविधाएं देने संबंधी ज्ञापन माननीय विधानसभा अध्यक्ष जी को सौंपे गए हैं।

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
ओ.पी.डी. सेवाएं
अग्रीम पंजीयन नंबर - 7772032888

## हैदराबाद में आयोजित पुलिस गेम्स के लिये छ.ग पुलिस टीम में राजनांदगॉव के तीन चयनित

### राजनांदगॉव पुलिस के खिलाड़ी हैदराबाद में तैराकी एवं क्रासकंट्री में दिखायेंगे दम

#### महापौर मधुसूदन ने तीनों पुलिस खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 73वें अखिल भारतीय पुलिस एक्वेटिक्स एवं क्रासकंट्री क्लस्टर 2025-26 का सरदार वल्लभ भाई पटेल नेशनल पुलिस एकेडमी हैदराबाद में 23 से 26 फरवरी 2026 तक आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये छत्तीसगढ़ पुलिस के 22 सदस्यी दल को पुलिस महानिरीक्षक (छ.स.बल मुख्यालय) पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर द्वारा डीजीपी के अनुमोदन उपरान्त अनुमति प्रदान



की गई है। इस पुलिस खेल प्रतियोगिता में राजनांदगॉव पुलिस के तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिसमें क्रासकंट्री पुरूष वर्ग में आरक्षक क्र.740 कामता यादव, एवं तैराकी में 8वी बटालियन के आरक्षक क्र.1030 रवि सिन्हा तथा 20वीं बटालियन के आरक्षक क्र.814 शंकर सिन्हा का चयन किया गया है। इन तीनों खिलाडियों ने प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये हैदराबाद रवाना होने से पहले राजनांदगॉव महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने उनके निज निवास पर सौजन्य भेंट कर इस विषय में अवगत किया। महापौर मधुसूदन ने राजनांदगॉव के पुलिस विभाग के इन तीनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का उत्साहर्वधन करते हुए उनसे प्रतियोगिता एवं उनकी तैयारी के संबंध में जानकारी लेते हुए खेल में बेहतर प्रदर्शन करने के लिये शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद दिया। खिलाड़ियों ने महापौर को बताया कि टीम कोच के रूप में राजनांदगॉव के छबिलाल यदु, राकेश सिन्हा, यशवंत सिन्हा ने उन्हें प्रतियोगिता के लिये विशेष रूप से प्रशिक्षित किया है, जिसका लाभ उन्हें प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के रूप में प्राप्त होगा।

## 125 दिनों के रोजगार के नई गारंटी जीरामजी,

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकसित भारत - रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 योजना का प्रचार



जनपद पंचायत डोंगरगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनहरदी में कार्यरत श्रमिकों के बीच में जाकर किया गया। योजना का पाम्पलेट एवं कार्यरत श्रमिकों से संवाद करके योजना का अधिक से अधिक लाभ बताया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एक ऐसा प्रयास जो ग्रामीण भारत में खुशहाली और समृद्धि के नए द्वार खुलेगी। जी रामजी योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार और आजीविका के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे। साथ ही गांव में सतत विकास के लिए सीसी रोड निर्माण कार्य एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से डिकेश साहू (महामंत्री भाजपा राजनंदगांव) भुवन साहू (अध्यक्ष भाजपा अर्जुनी) दिनेश साहू अजय वैष्णव (महामंत्री भाजपा अर्जुनी) उमेश साहू (सभापति जनपद पंचायत डोंगरगांव) कुलेश्वर निषाद , मामेश साहू , भानु सोनी , कमल साहू , भावेश निक्की, जितेंद्र साहू, पंचायत सचिव विजय साहू उपस्थित थे।

## दो दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा 27 से

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** मां बमलेश्वरी देवी की पावन नगरी डोंगरगढ़ में आगामी 27 फरवरी शुक्रवार से दो दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम नीचे मंदिर के समीप श्याम रिजॉर्ट में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की जानकारी देते हुए श्याम प्रेमी सीए मयूर अग्रवाल ने बताया कि 27 फरवरी को सुबह श्याम प्रेमी मुकेश भूत के यहां से 4 बजे श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा श्याम भक्त मुकेश भूत के घर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करती हुई मुकेश भूत के घर में जाकर समाप्त होगी। दूसरे दिन 28 फरवरी शनिवार को सुबह से ही भगवान खाटू श्याम वाले का आयोजन प्रारंभ होगा। जिसमें सर्वप्रथम बाबा की धोक पूजन व आरती होगी। शाम 6 बजे से भजन संध्या का विशाल कार्यक्रम आयोजित है इस अवसर पर बाबा का 56 भोग अलौकिक श्रृंगार के साथ भव्य दरबार सजेगा कार्यक्रम में पुष्प वर्षा इत्र वर्षा व फल, पान के भोग के साथ अमृतमय भजनों की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम मे भजन गायक संजीव शर्मा गुप्तकाशी उत्तराखंड तथा शुभम अग्रवाल तिरोड़ा महाराष्ट्र अपने भजनों से कार्यक्रम को निहाल करेंगे। क्षेत्र के सभी श्याम प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील श्याम परिवार मित्र मंडल ने की है। कार्यक्रम को लेकर जोर-शोर से तैयारी की जा रही है भजनों की श्रृंखला देर रात तक चलेगी तत्पश्चात शयन आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा इस अवसर पर बाबा के भक्तों के लिए श्याम रसोई का कार्यक्रम भी रखा गया है।

## छत्तीसगढ़ की पावन धरा रायपुर में गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी का आगमन..

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) का शुभ आगमन आज प्रात: 11:00 बजे रायपुर में होने जा रहा है। जिसमें कल 21 फरवरी को प्रात: 121 जड़ी बूटियों से युक्त भव्य हवन,कुबेरेश्वर मंदिर, खारुन गिंस कुम्हारी में किया जाएगा। 22 फरवरी को प्रात: 08.00 बजे दशहरा मैदान हुडको भिलाई में भव्य हवन का आयोजन किया गया है। यह पवित्र हवन अलौकिक जड़ी बूटियों से संपन्न किया जाएगा। । इस हवन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आध्यात्मिक शुद्धि और



जनकल्याण की मंगलकामना करना है। आयोजकों की ओर से समस्त श्रद्धालुओं,भक्तजनों और नगर वासियों से सादर अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर हवन का पुण्य लाभ प्राप्त करें तथा इस दुर्लभ अवसर को अपने जीवन का अमूल्य अनुभव बनाएं। स्थान एवं संपर्क विवरण: श्रीमति सुधा गुप्ता , कुम्हारी 9977115465 श्रीमति अंशु गुप्ता,भिलाई 9993079031 उक्त आयोजन की जानकारी श्रीमती कल्पना शुक्ला जी द्वारा प्रदान की गई।

## सौर सुजला योजना से किसान हो रहे आर्थिक रूप से सशक्त

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही मजबूती, सौर सुजला योजना के तहत स्थापित सोलर पंपों में किया गया आवश्यक सुधार कार्य

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सौर सुजला योजना अंतर्गत कृषकों के खेतों में कृषि सिंचाई हेतु सोलर पंप की स्थापना की जा रही है। इस योजना के तहत किसानों को विद्युत हेतु बिजली बिल का भुगतान नहीं करना पड़ता है। जिससे किसानों को बड़ी राहत मिली है और किसान आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो रहे हैं। सोलर पंप के उपयोग से राज्य में कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ भू-जल के संरक्षण एवं संवर्धन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायता मिल रही है। सौर सुजला योजना का मुख्य उद्देश्य कृषकों की सिंचाई आवश्यकता हेतु सोलर सिंचाई पंपों की स्थापना करना है। सौर सुजला योजना के तहत विभिन्न कारणों से कृषकों के खेतों में स्थापित सोलर पंपों अकार्यशील है, ऐसे सोलर पंपों को संबंधित स्थापनाकर्ता इकाई द्वारा सुधार कार्य नहीं करने पर क्रेडा प्रधान कार्यालय रायपुर द्वारा इकाई की जमा सुरक्षानिधि राशि से पंप सुधार हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी। ऐसे अकार्यशील सोलर पंपों को आवश्यकता अनुरूप सुधार कार्य कर कार्यशील किया गया है। जिसके तहत छुरिया विकासखंड के ग्राम लाममेटा के कृषक श्री नंदूलाल साहू को नया कन्ट्रोलर एवं ग्राम कल्लूटोला के कृषक मंशाराम को नया पैनल तथा ग्राम आयाबांधा के कृषक श्री रामप्रसाद को नया पंप प्रदान किया गया है। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बिजेपार के कृषक श्री रोशन लाल को नया पंप, ग्राम पैरी के कृषक श्रीमती तेजस्वनी बाई को नया कन्ट्रोलर एवं पैनल स्थापित कर सोलर पंप स्थापित किया गया है। योजना अंतर्गत हितग्राही का चयन कृषि विभाग द्वारा



किया जाता है। पंप की क्षमता तथा हितग्राहियों के संवर्ग के अनुसार हितग्राहियों द्वारा देय अंशदान की 3 एचपी क्षमता पंप हेतु प्रोसेसिंग शुल्क सहित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 10 हजार रूपए, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 15 हजार रूपए एवं सामान्य वर्ग के लिए 21 रूपए है। इसी प्रकार 5 एचपी पंप क्षमता हेतु प्रोसेसिंग शुल्क सहित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 14800, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 19800 रूपए एवं सामान्य वर्ग के लिए 24800 रूपए है। सौर सुजला योजना उन सभी किसानों के लिए लाभकारी है, जिनके पास कृषि भूमि उपलब्ध उपलब्ध है, लेकिन कृषक के खेत तक विद्युत विस्तार लाईन का व्यय अत्यधिक होने के कारण वहन नहीं करने की स्थिति में केवल मानसून पर ही निर्भर रहते है। ऐसे कृषक अपने कृषि भूमि के निकट स्थित नदी, नाला अन्य जल स्त्रोत उपलब्ध होने पर डीजल व कैरोसीन पंप स्थापित कर सिंचाई हेतु जलापूर्ति करते हैं। जलस्त्रोत उपलब्ध नहीं होने पर वर्षा का इंतजार करते है। समय पर वर्षा नहीं होने के कारण कृषकों की फसल बर्बाद हो जाती है। जिससे कृषक आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते है। सौर सुजला योजना अंतर्गत ऐसे कृषकों के यहां खनित बोर, कुंआ, ऐसे जल स्त्रोतों जहां पर्याप्त मात्रा में सरफेस वाटर उपलब्ध है, वहां सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई पंप की स्थापना कार्य किया जा रहा है। ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए शासन की पहल एवं वित्तीय सहयोग से क्रेडा द्वारा कृषकों के यहां खनित बोर, कुंआ या ऐसे जल स्त्रोतों जहां पर्याप्त मात्रा में सरफेस वाटर उपलब्ध है, वहां सौर सुजला योजना के माध्यम से सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई पंप का स्थापना कार्य किया जा रहा हैं।

nandgaon times feb-20-4.qxd 2/19/2026 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) असम के करीमगंज जिले का नया नाम क्या है जिसे हाल ही में राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है?*
*2) किस संस्थान ने दर्द रहित इंजेक्शन के लिए सुई रहित शॉक सिरिंज विकसित की है?*
*3) टेली-मैनस पहल किस क्षेत्र से संबंधित है?*
*4) कौन 6वीं शताब्दी के संस्कृत काव्य किरातार्जुनीयम् के लेखक हैं?*
*5) हाल ही में दिवंगत के. एस. मणिलाल किस क्षेत्र से संबंधित थे?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) श्रीभूमि जिला (2) आईआईटी बॉम्बे (3) मानसिक स्वास्थ्य (4) भारवि (5) वर्गिकी

# पं. किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय, राजनांदगांव में वार्षिक समारोह संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित पं. किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय, राजनांदगांव में वार्षिक समारोह च्आर?हण 2026् अत्यंत उत्साह, उमंग एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। उक्त समारोह सत्र भर की उपलब्धियों के उत्सव तथा शिक्षा, खेल एवं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान हेतु आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय महापौर श्री मधुसूदन यादव जी ने अपने उद्बोधन में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की अधिकता के संदर्भ में न्यायिक जवाबदेही अधिनियम की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं अंकिता शर्मा (6वीं रैंक) एवं यांशिका अग्रवाल (8वीं रैंक) को, जिन्होंने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की शीर्ष दस मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। महापौर जी ने महाविद्यालय परिसर में बरसात के मौसम में जल भराव की समस्या को सुलझाने के संबंध में उचित व्यवस्था का आश्वासन दिया । विशिष्ट अतिथि, राज्य रत्न सम्मान से अलंकृत एवं विधि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ



अधिवक्ता एडवोकेट श्री के.सी. जैन ने अपने प्रेरक संबोधन में विधि महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। संस्था के उपाध्यक्ष श्री श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने आज अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है । उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में सामाजिक गतिविधियों में उनकी भूमिका मार्गदर्शन का काम करेगी । कार्यक्रम में विशेष रूप से संस्था के सचिव श्री अनिल वार्ष्णेय, सह सचिव श्री उमेश अग्रवाल , कोषाध्यक्ष श्री कमलेश उभरानी , श्री अशोक चौधरी जी सहित संस्था के सम्मानित सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. निमिषा मिश्रा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर आयोजित शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रम एवं विधिक गतिविधियों, महाविद्यालय की उपलब्धियों तथा भावी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश एच. लाल ने अपने संबोधन में शिक्षा मंडल के प्रथम अध्यक्ष पंडित किशोरीलाल शुक्ला सहित मंडल के उद्देश्यों द्को पूरा करने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने वाले सम्माननीय पूर्व पदाधिकारियों के कार्यों को अविस्मरणीय बताया ।

**ट्रांस जेंडर पर आधारित नाटक खूब सराहा गया**

विधि महाविद्यालय के आरोहण कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा ट्रांस जेंडर के केस पर आधारित नालसा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया को मंचित किया गया । दर्शक दीर्घा में उपस्थित जन समूह ने उक्त प्रस्तुति की खुलकर प्रशंसा की । बेस्ट परफॉर्मेंस ऑफ एनुअल डे के लिए कौस्तूब मंडावी को स्वर्ण पदक प्रदान कर हौसला अफ्जाई की गई ।

## कांग्रेस व भाजपा की लड़ाई में वार्डवासी परेशान।

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** कांग्रेस व भाजपा की लड़ाई में ठेठवार पारा की डामर रोड अधूरी पड़ी है जिसकी शिकायत को लेकर वार्डवासी



बुधवार को नगर पालिका पहुंच सीएमओ खिलेंद्र भोई से सौजन्य मुलाकात वार्ड में अधूरे डामर रोड के बारे में जानकारी दे बताया गया कि वार्ड में पूर्व कांग्रेस पार्षद व भाजपा के वर्तमान पार्षद की लड़ाई में लाखों रु की लागत से डामर रोड का कार्य ठेकेदार के द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे समस्त वार्डवासी भारी आक्रोश में है। वार्डवासियों ने एक सुर में कहा कि ठेकेदार तो कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया जा रहा है परन्तु पूर्व पार्षद व वर्तमान पार्षद की लड़ाई में कार्य अधूरा पड़ा है। वहीं इस समस्या को लेकर वार्डवासी सीएमओ खिलेंद्र भोई को निर्माण कार्य शीघ्र ना कराने की स्थिति में प्रदर्शन की चेतावनी पर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के आश्वासन के बाद ठेकेदार व पूर्व पार्षद व वर्तमान पार्षद को दूरभाष कर जनहित में डामर रोड कार्य पूर्ण में बाधा उत्पन्न कराने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का हवाला दिया गया जिसमें ठेकेदार व पूर्व पार्षद व वर्तमान पार्षद ने अपनी सहमति जाहिर करते त्यौहार के पहले निर्माण कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया।

## होली से पहले किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर



धान विक्रय करने वाले किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि का भुगतान होली पर्व से पूर्व एकमुश्त किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए इस निर्णय से प्रदेश भर के किसानों में उत्साह और हर्ष व्याप्त है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के इस किसान हितैषी निर्णय का स्वागत करते हुए कबीरधाम जिले के ग्राम मोटियारी निवासी किसान मेलनराम जायसवाल ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उन्होंने लगभग 212 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा है, जिसकी राशि उन्हें प्राप्त हो चुकी है। अब अंतर की राशि होली से पहले मिलने की घोषणा से वे अत्यंत खुश हैं। उन्होंने कहा कि होली के बाद सीजन प्रारंभ हो जाएगा, ऐसे में यह राशि पारिवारिक आवश्यकताओं और सामाजिक दायित्वों के कार्य में सहायक होगी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही खेती किसानी के लिए ट्रैक्टर ट्राली भी खरीदूगा। जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय किसानों के हित में अत्यंत सराहनीय है और इससे किसानों में उत्साह का माहौल है।

## होली पर शराब बिक्री का निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण - विधायक भोलाराम साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी भोला राम साहू ने प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि होली जैसे प्रमुख त्यौहार पर शराब दुकानें खोलने का निर्णय समाज में अशांति फैलाने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष में रहते हुए पूर्ण शराबबंदी की मांग करने वाली भाजपा अब सत्ता में आते ही शुष्क दिवसों पर भी शराब बिक्री की अनुमति देकर प्रदेश को नशे की ओर धकेल रही है। राजनांदगांव में जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक साहू ने कहा कि गांधी पुण्यतिथि के दिन शराब दुकानें खोलना राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के नशामुक्ति के विचारों का अपमान है। अब होली और मुहर्रम जैसे संवेदनशील त्यौहारों पर शराब बिक्री की अनुमति देकर सरकार कानून-व्यवस्था को खतरे में डाल रही है। उनका कहना है कि त्यौहार के अवसर पर शराब की खुली बिक्री से उपद्रव, मारपीट और आपराधिक घटनाओं में वृद्धि की आशंका है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव पूर्व प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी का वादा किया था और महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने भी राजधानी में आंदोलन कर शराबबंदी की मांग उठाई थी। किंतु अब भाजपा



सरकार के कार्यकाल में शराब दुकानों की संख्या और बिक्री दोनों में बढ़ोतरी हो रही है। नई आबकारी नीति के तहत 102 नई शराब दुकानें खोलने, होटल-ढाबों व बार के लाइसेंस शुल्क में छूट देने तथा ऐप के माध्यम से ब्रांड और उपलब्धता की जानकारी देने जैसे कदम उठाए गए हैं। विधायक साहू ने आरोप लगाया कि शराब और नशीले पदार्थों की बढ़ती खपत से प्रदेश में अपराध और महिलाओं के विरुद्ध हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। पहले राज्य में सात ड्राई डे निर्धारित थे, लेकिन नई नीति में होली, मुहर्रम और 30 जनवरी (महात्मा गांधी निर्वाण दिवस) को ड्राई डे की सूची से हटा दिया गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि होली एवं अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर शराब दुकानें खोलने के निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए, ताकि प्रदेश में शांति और सामाजिक सौहार्द बना रहे।

## पंजीकृत परिवारों के ई-केवाईसी हेतु विशेष अभियान आज

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** मनरेगा श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य,जनपद पंचायत छुरिया जिला राजनांदगांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) अंतर्गत पंजीकृत परिवारों के ई-केवाईसी हेतु विशेष अभियान दिनांक 20फरवरी 2026 को जनपद पंचयात छुरिया समस्त ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किया जाएगा । ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे जिस अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक एवं मेट को निर्देशित किया गया कि पंचायत भवन, कार्यस्थल पर सभी पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी सुनिश्चित करें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत छुरिया ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य मनरेगा डेटाबेस को आधार से जोड़कर मजदूरी भुगतान को पूर्णत: पारदर्शी बनाना है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र श्रमिक तकनीकी कारणों से योजना से वंचित न हो। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ई-केवाईसी अनिवार्य होने के पश्चात जिन श्रमिकों का आधार सत्यापन पूर्ण नहीं होगा, उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकेगी तथा मजदूरी भुगतान में बाधा उत्पन्न हो सकती है। अत: श्रमिकों से आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं जॉब कार्ड के साथ पंचायत अथवा ब्लॉक कार्यालय में सत्यापन कराने की अपील की गई है। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक वास्तविक एवं पात्र मजदूर को बिना किसी रुकावट के समय पर एवं पूर्ण मजदूरी प्राप्त हो तथा योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ ग्रामीणों तक पहुँचे। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक वास्तविक और पात्र मजदूर को बिना किसी बाधा के समय पर और सही मजदूरी मिलती रहे, तथा योजना का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ ग्रामीणों तक पहुँचे। -ई-केवाईसी अनिवार्य क्यों? जिला प्रशासन द्वारा ई-केवाईसी अनिवार्य किया गया है ताकि: मजदूरों की वास्तविक उपस्थिति दर्ज हो सके भुगतान सीधे बैंक खाते में पहुँचे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो अपात्र/फर्जी नाम हटाए जा सकें यदि समय पर ई-केवाईसी नहीं कराई गई, तो श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज नहीं होगी और मजदूरी भुगतान में कठिनाई आ सकती है। -आवश्यक दस्तावेज .. आधार कार्ड,,बैंक पासबुक, जॉब कार्ड, श्रमिकों को पंचायत भवन में श्वद्म4ष् के माध्यम से फेस रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य किया गया है।

## एक दिवसीय शाखकर्तन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** जिला यूनियन कवर्धा अंतर्गत आने वाले समस्त फड़ प्रभारी, फड़मुंशी, प्राथमिक



लघु वनोपज सहकारी समिति के अध्यक्ष, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को दिनांक 19.02.2026 को एक दिवसीय शाखकर्तन संबंधी प्रशिक्षण काष्ठागार डिपो कवर्धा में प्रदाय किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती एम. मर्सीबेला, मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग वृत्त दुर्ग, श्री दुखीराम धुर्वे, अध्यक्ष, जिला यूनियन कवर्धा, श्री भागवत साहू, उपाध्यक्ष, जिला यूनियन कवर्धा, निखिल अग्रवाल, प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ कवर्धा, श्रीमती अनिता साहू, उप प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ कवर्धा एवं डॉ. सी.पी. रहांगडाले, वैज्ञानिक फारेस्ट्री, कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धाकी उपस्थिति में संपन्न हुआ। तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2026 में तेंदूपत्ता संग्रहण दर 5500/- रू. प्रति मानक बोरा तथा शाखकर्तन कार्य दर 70/- रू. प्रति मानक बोरा निर्धारित है। जिला यूनियन कवर्धा अंतर्गत कुल 19 समितियां, 24 लॉट एवं 269 फड़ संचालित है। उक्त प्रशिक्षण में समस्त संचालक मंडल सदस्यगण, जिला यूनियन कवर्धा, कवर्धा वनमंडल के समस्त उप वनमंडलाधिकारी, समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, समस्त पोषक अधिकारी, समस्त प्रबंधक, प्रा.ल.वनोपज सहकारी समिति के समस्त फड़मुंशी,, समस्त फड़ अभिरक्षक, समस्त समिति अध्यक्ष, वन प्रबंधन समति के समस्त अध्यक्ष एवं सम्मानीय पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## संत नामदेव महाराज राष्ट्रीय एकात्मता विश्व महा सम्मेलन 22 फरवरी को नागपुर में आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समाज सेवा एवं जनहित के कार्यो में सदैव अग्रणी रहने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव जिले से पूरे देश में होने वाले सामाजिक कार्यो में अपनी भागीदारी निभाने वाले ` संस्कारधानी शहर राजनांदगांव के वरिष्ठ पत्रकार दिनेश नामदेव ने बताया कि आगामी 22 फरवरी दिन रविवार को नामदेव समाज का महाकुंभ भव्य व दिव्य आयोजन महाराष्ट्र के उपराजधानी नागपुर के रेशीम बाग मैदान में आयोजित किया जा रहा है। दिनेश नामदेव ने उपरोक्त सामाजिक विश्व महासम्मेलन के उद्देश्य एवं संकल्प के बारे में कहा कि संत नामदेव महाराज के विचारों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता,समाज बंधुओं एंव प्रतिनिधियों का स्वागत,पंजीकरण एवं पहचान पत्र वितरण के साथ पांच सत्रों में कार्यक्रम को निर्धारित किया है। जिसमें प्रथम सत्र में मंगलारंभ सत्र में ध्वजारोहण,दीपप्रज्वलन,उद्घाटन सत्र- संत नामदेव महाराज का विश्व बंधुत्व संदेश- एकात्मता के आधारशिला,संत परम्परा और भारतीय संस्कृतिक एकात्मता, संत नामदेव महाराज का जीवन,विचार एवं सामाजिक योगदान, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरस्ता में संत विचारों की भूमिका, विशेष अतिथि आगमन के संबंध में दिनेश नामदेव ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री/केन्द्रीय प्रतिनिधिसम्मानित व्यक्तित्व, उद्घोषक, शिक्षाविद् एवं सामाजिक नेता, कार्यक्रम के तृतीय सत्र में विचार एवं समाज विकास सत्र- संगठित समाज-सशक्त राष्ट्र, शिक्षा, युवा,महिला और उद्यमिता, समाज के सर्वागिण विकास में संगठन की भूमिका,शिक्षा को सामाजिक उन्नति का आधार,युवाओं के लिए नेतृत्व, नवाचार एवं रोजगार की दिशा,महिला सशक्तिकरण समाज निर्माण में मातृय शक्ति की भूमिका,उद्यामिता,कार्यक्रम चतुर्थ सत्र में समापन के पूर्व चिंतन सत्र, एक समाज एक विचार एक नाम,संत नामदेव विचारों से वैश्विक दृष्टि,सामाजिक एकता और आपसी समरस्ता,समाज में विभाजन समाप्त करने हेतु सामुहिक संकल्प,अगामी दस वर्षो के लिए समाज की कार्ययोजना, उल्लेखनीय समाजिक कार्य करने वाले समाज बधुओं,भगिनीयों का गौरव,दानदाताओं एवं प्रेरक व्यक्तित्वों का सम्मान, अंतिम सत्र में प्रमुख अतिथियों का अभार प्रदर्शन, समाज के प्रति सकंल्प उद्घोष, संत नामदेव के विचारों से सशक्त समाज- सशक्त भारत, राष्ट्र गीत,संत नामदेव महाराज के पसायदान के साथ महासम्मेलन कीभव्य समापन। उपरोक्त कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य से जाने वाले समाज बंधुगण वरिष्ठ पत्रकार दिनेश नामदेव 8319958839 से संपर्क कर सकते है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में कर्मचारी की मौत पर मुआवज़े के लिए चक्काजाम, 28 लाख व पेंशन पर बनी सहमति

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव के समीप स्थित भिलाई कंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री के 54 वर्षीय कर्मचारी, अंजोरा निवासी तुकाराम साहू की ड्यूटी पीरियड के दौरान सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई। वे फैक्ट्री के कार्य से धर्मकांटा गए हुए थे, उसी दौरान यह हादसा हुआ। तुकाराम साहू फैक्ट्री के पुराने एवं समर्पित कर्मचारी थे। उनके आकस्मिक निधन से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। इसी दौरान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का राजनांदगांव दौरा निर्धारित था। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने तत्काल प्रदेश अध्यक्ष को मोबाइल के माध्यम से पूरी जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष के स्पष्ट निर्देश पर जिलाध्यक्ष विपिन यादव कांग्रेसजनों के साथ पीड़ित परिवार के समर्थन में डटकर खड़े हुए और न्याय दिलाने का संकल्प



लिया। मृत्यु के बाद परिजन एवं ग्रामीणजन फैक्ट्री प्रबंधन से उचित मुआवज़े की मांग कर रहे थे, किन्तु बात नहीं बनने पर वे मृतक का शव लेकर सोमनी थाने में बैठ गए। सूचना मिलते ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपिन यादव अपने साथियों के साथ मौके पर पहुँचे। तहसीलदार एवं फैक्ट्री संचालक उदित राठी की उपस्थिति में चर्चा हुई, परंतु संतोषजनक समाधान नहीं निकल सका। इसके पश्चात परिजन, ग्रामीणजन एवं कांग्रेसजनों ने अंजोरा बायपास स्थित फैक्ट्री के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष भागवत साहू, महामंत्री राहुल तिवारी, प्रवक्ता अनीस खान, चुम्मन साहू, रितेश जैन, अमित अग्रवाल, पूर्व एल्डरमैन हेमू सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## धर्म समाचार....

# महातारा जयंती इस बार क्यों मानी जा रही है खास, समय और संयोग पर नजर




वैदिक पंचांग के अनुसार, गुरुवार 19 मार्च से चैत्र नवरात्र की शुरुआत होगी। यह पर्व हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक चैत्र नवरात्र मनाया जाता है। इस दौरान जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त नौ दिनों का व्रत रखा जाता है। जगत की देवी मां दुर्गा की पूजा करने से साधक पर देवी मां दुर्गा की असीम कृपा बरसती है। उनकी कृपा से सभी संकटों से मुक्ति मिलती है। चैत्र नवरात्र के दौरान महातारा जयंती मनाई जाती है। इस शुभ अवसर पर सिद्धि की देवी जगत की देवी मां तारा की साधना की जाती है। तंत्र सीखने वाले साधक महातारा जंयती पर देवी मां तारा की कठिन भक्ति एवं साधना करते हैं। कठिन साधना से प्रसन्न होकर मां अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं। आइए, महातारा जयंती की सही तिथि और शुभ मुहूर्त एवं योग जानते हैं।

**महातारा जयंती तिथि और शुभ मुहूर्त**

हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर महातारा जयंती मनाई जाती है। इस साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि की शुरुआत 26 मार्च को सुबह 11 बजकर 48 मिनट पर होगी। वहीं, 27 मार्च को सुबह 10 बजकर 06 मिनट पर नवमी तिथि समाप्त होगी। इस प्रकार 26 मार्च को महातारा जयंती और रामनवमी मनाई जाएगी।

**महातारा जयंती शुभ योग**

ज्योतिषियों की मानें तो महातारा जंयती के शुभ अवसर पर शोभन योग का संयोग बन रहा है। साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग का भी संयोग है। इन योग में जगत की देवी मां तारा की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी।

## कर्ज से मुक्ति और धन लाभ के लिए घर लाएं यह 'मनी मैग्नेट', जानें सही नियम

वास्तु और रत्न शास्त्र में एक ऐसे पत्थर का जिक्र है जो दिखने में बिल्कुल सोने जैसा है और जिसे 'मूर्खों का सोना' (स्न्रशशद्य'ह्य त्रशद्यस्र) भी कहा जाता है। हम बात कर रहे हैं पायराइट स्टोन की। पायराइट एक पीत-धूसर रंग का खनिज है, जिसमें धात्विक चमक होती है। यह



पत्थर न केवल दिखने में आकर्षक है, बल्कि इसे 'मनी मैग्नेट' भी कहा जाता है।

**1. कर्ज से मुक्ति**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, अगर आप लंबे समय से कर्ज के जाल में फंसे हैं, तो पायराइट आपके लिए एक वरदान साबित हो सकता है। यह व्यक्ति के भीतर निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है, जिससे आय के नए स्रोत खुलते हैं।

**2. धन और समृद्धि**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, पायराइट को घर या ऑफिस में रखने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। यह बिजनेस में आ रही रुकावटों को खत्म कर तरक्की के रास्ते खोलता है।

**3. आत्मविश्वास और सुरक्षा**

यह पत्थर केवल पैसों के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती के लिए भी जाना जाता है। इसे पास रखने से डर और तनाव कम होता है और व्यक्ति का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होता है।

nandgaon times feb-20-4.qxd 2/19/2026 11:58 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# आडिटोरियम के बाजू स्वावलंबन योजना की निर्मित 7 दुकाने सील



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली में कडाई बरतते हुये प्रतिदिन कार्यवाही की जा रही है। साथ ही बकायादारों का नल विच्छेदनकर कुर्की हेतु अंतिम नोटिस जारी किया गया है। दुकाने सील करने की कडी में आज आडिटोरियम के बाजू में मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों में 7 दुकाने सील की गयी एवं नंदई के घरो से 8 नल कलेक्शन काटा गया। वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम माह में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिये महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा राजस्व विभाग की प्रतिदिन मानिटरिंग कर रहे है तथा बडे बकायादारो को अपने बकाया करो का भुगतान करने समझाईस दे रहे है। निर्देश पर राजस्व अधिकारी श्री राजेश तिवारी के नेतृत्व में निगम का अमला दुकानें सील करने एवं नल विच्छेदन की कार्यवाही कर रही है, दुकाने सील करने की कडी में आज गौरव पथ स्थित आडिटोरियम के बाजू मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत की निर्मित दुकानों के दुकानदारो द्वारा नोटिस उपरांत भी अनुबंध नही कराकर किराया जमा नही किया जा रहा था। जिसपर कार्यवाही करते हुये 7 दुकानदारो द्वारा अनुबंध एंव किराये की बकाया राशि प्रति दुकान लगभग 1 लाख 10 हजार रूपये जमा नही करने पर उक्त दुकाने सील की गयी। इसी प्रकार नंदाई के 8 करदाता जिन्होंने जलकर की राशि रूपये लगभग 1 लाख जमा नही करने पर 8 नल कनेक्शन काटा गया। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शासन लक्ष्य के विरूद्ध सत प्रतिशत राजस्व वसूली किया जाना है, वसूली के लिये करदाताओं को करो का भुगतान करने अपील की जा रही है, बडे बकायादारों को नोटिस दिया गया है, भुगतान नही करने की स्थिति में दुकाने सील करने तथा नल विच्छेदन की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा कुर्की की भी तैयारी की जा रही है, उन्होंने करदाताओं से कहा कि, अपने बकाया कर एवं किराये की राशि का भुगतान समय पर कर अधिभार एवं निगम की कार्यवाही से बचे।



**नगर निगम का राजस्व वसूली अभियानः नंदई में 8 नल कलेक्शन काटे**



## सरस्वती साहित्य सम्मान समारोह 2026 का आयोजन 21 को

### डोंगरगांव के पत्रकार घनश्याम साव होंगे सम्मानित



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सरस्वती बुक्स एवं साईं नाथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में 21 फरवरी 2026 को सरस्वती साहित्य सम्मान समारोह 2026 का आयोजन राजधानी रायपुर के विमतारा ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। इस समारोह में अलग -अलग क्षेत्र में नव साहित्य लेखकों का सम्मान किया जाना है और इस वर्ष 2026 का सरस्वती साहित्य पत्रकारिता सम्मान अंचल के वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम साव को प्रदान किया जा रहा है। पिछले कई वर्षों से पत्रकारिता में लगातार सक्रिय घनश्याम साव ने अपनी लेखनी से जनहित एवं सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर पत्रकारिता जगत में अपनी एक अलग ही छवि बनाई है। ईमानदार, निर्भीक एवं सच्ची पत्रकारिता के सजग प्रहरी घनश्याम साव का इस सम्मान हेतु चयन एक प्रदेश स्तरीय जूरी के द्वारा किया गया है। घनश्याम साव को इस सम्मान मिलने पर मीडिया साथियों, जनप्रतिनिधियों एवं उनके शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस सम्मान की घोषणा होने पर घनश्याम साव ने कहा है कि यह सम्मान मिलने से जिम्मेदारियां और भी बढ़ जाएगी।

## आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई : 24 घंटे में गांजा तस्कर और शातिर चोरों समेत 8 आरोपी गिरफ्तार

**ऑपरेशन यात्री सुरक्षा, रेल सुरक्षा और नार्कोस के तहत मंडल में चला सघन चेकिंग अभियान.**

**महिला तस्कर से 5 लाख का गांजा बरामद.**



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) नागपुर मंडल ने रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियानों के तहत मात्र 24 घंटे के भीतर बड़ी सफलता हासिल की है। ऑपरेशन यात्री सुरक्षा, ऑपरेशन रेल सुरक्षा और ऑपरेशन नार्कोस के तहत कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। राजनांदगांव में 15 फरवरी की मध्यरात्रि प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर यात्रियों की रेकी करते तीन संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ में कोई वैध टिकट न मिलने पर उन्हें जीआरपी डोंगरगढ़ के सुपुर्द किया गया। वहीं बालाघाट में 17 फरवरी को गाड़ी संख्या 11754 में संदिग्ध अवस्था में चढ़ रहे एक युवक को दबोचा गया। जांच में पता चला कि आरोपी पर 2016 से 2023 के बीच चोरी और आर्मस एक्ट के कुल 08 मामले दर्ज हैं। गोंदिया स्टेशन पर आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टाटा-ईतवारी एक्सप्रेस (18109) से एक महिला तस्कर को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके ट्रॉली बैग से 10 किलो 335 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 5,16,750 रुपये आंकी गई है। आरोपी महिला के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। नैनपुर क्षेत्र के ग्वारीघाट स्टेशन पर सिग्नल रूम (नॉर्थ गुमटी) का ताला तोड़कर केबल क्षतिग्रस्त करने वाले तीन आरोपियों को श्वान दस्ते और सीसीटीवी फुटेज की मदद से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। यह पूरी कार्रवाई महानिरीक्षक मुनव्वर खुर्शीद के निर्देशन और मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चन्द्र आर्य के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। आरपीएफ ने यात्रियों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी 7:57ड्ड तुरंत हेल्पलाइन नंबर 139 पेर दें।

## ग्राम पंचायत सुंदरा में विकसित भारत जी-रामजी मिशन के तहत श्रमिकों को दिलाई गई शपथ



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम पंचायत सुंदरा में विकसित भारत जी-रामजी मिशन कानून 2025 के तहत श्रमिकों को संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में यह निर्णय लिया गया कि अब ग्राम सभा में मिलकर गांव की वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर कार्यों की प्राथमिकता तय की जाएगी तथा च्विकसित भारत ग्राम पंचायत प्लानज्ज् तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच हीपेंद्र साहू की उपस्थिति में रोजगार सहायक राजकुमार साहू, पंचायत सचिव रोहित निर्मलकर, उपसरपंच भूपेंद्र सेन, देवकुमार साहू, गोदावरी साहू एवं पंचगणों ने श्रमिकों को शपथ दिलाई। सभी श्रमिकों ने बिना किसी भेदभाव के गांव में विकसित भारत जी-रामजी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन का संकल्प लिया। चार प्रमुख श्रेणियों में होगा कार्यों का विभाजन ग्राम पंचायत द्वारा तैयार किए जाने वाले प्लान के अंतर्गत कार्यों को चार मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा— जल सुरक्षा ग्रामीण आधारभूत संरचना आजीविका संवर्धन आपदा प्रबंधन सरपंच हीपेंद्र साहू ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य गांव के प्रत्येक नागरिक को रोजगार की सुरक्षा प्रदान करना और ग्राम स्तर पर समग्र विकास को गति देना है। कानून के तहत कार्य की मांग पर प्रत्येक वर्ष 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। मजदूरी सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में जमा की जाएगी तथा भुगतान में विलंब होने पर मुआवजा सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कार्यस्थल पर श्रमिकों को सामूहिक संकल्प दिलाया गया। साथ ही ग्रामवासियों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई तथा चौपाल के माध्यम से विकसित भारत जी-रामजी (ड्ढक्क-त्रर्क्रूत्र) मिशन की विस्तृत जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत सुंदरा में आयोजित इस कार्यक्रम से ग्रामीणों में उत्साह का वातावरण देखा गया तथा गांव के समग्र विकास की दिशा में सामूहिक भागीदारी का संदेश दिया गया।

## ग्राम पंचायत सोमनी में मजदूरी भुगतान को लेकर विवाद, कलेक्टर से शिकायत




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम पंचायत सोमनी में किए गए विभिन्न मजदूरी कार्यों का भुगतान नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में ग्राम के पूर्व पंच बुधराम पटेल सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर राजनांदगांव को लिखित शिकायत सौंपकर मजदूरी भुगतान कराने एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत क्षेत्र में घर-घर जाकर जॉब कार्ड केवाईसी, मकान संबंधी जैक्स फॉर्म एवं एस.आर.आई. फॉर्म भरने, सड़क बत्ती सुधार, साफ-सफाई कार्य तथा शासकीय कार्य हेतु वाहन किराया जैसे विभिन्न कार्य किए गए थे। इन कार्यों के लिए मस्टररोल एवं बिल तैयार कर पंचायत बैठक में सर्वसम्मति से मजदूरी भुगतान का प्रस्ताव भी पारित किया गया था। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि सचिव से मजदूरी भुगतान के संबंध में चर्चा करने पर बताया गया कि सरपंच द्वारा चेक जारी करने से मना किया गया है। वहीं सरपंच का कहना है कि उन्होंने किसी प्रकार का मजदूरी कार्य नहीं कराया है तथा पंचायत बैठक में पारित प्रस्ताव को गलत बताया है। सरपंच द्वारा यह भी कहा गया कि यदि कार्य सचिव या पंचों द्वारा कराया गया है तो वही भुगतान करें। ग्रामीणों का आरोप है कि सभी कार्य सरपंच के निर्देश पर ही किए गए हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि सरपंच द्वारा मौखिक रूप से जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का हवाला देते हुए मजदूरी भुगतान नहीं करने की बात कही गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मजदूरी की मांग करने पर उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि ग्राम पंचायत सोमनी में किए गए समस्त मजदूरी कार्यों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। शिकायत की प्रतिलिपि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं श्रम निरीक्षक कार्यालय को भी प्रेषित की गई है।

## हरियाली बहिनी नीर, नारी जल यात्रा कार्यक्रम संपन्न



**डोंगरगढ़/बोरतलाव (नांदगांव टाइम्स)।** जल संरक्षण के लिए जन जागरूकता हेतु हरियाली बहिनी नीर और नारी जल यात्रा कार्यक्रम आयोजन किया गया, ग्राम पंचायत भवन बोरतलाव में 7 प्रदेश में भू-जल स्तर बहुत नीचे चलागया है, भविष्य में होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए कार्यक्रम आयोजन किया गया 7 उपस्थित पद्मश्री श्रीमती फूलवासन बाई यादव, सरपंच कैलाश उके ग्राम पंचायत बोरतलाव, पंच राम कोराम, पंकज सोरी, मेनका यादव, उर्वशी नेताम, मितानिन, स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी, एवं ग्रामीण उपस्थित थे, साथ ही राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन का कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें व्यक्तियों को दवा सेवन कराया गया।

## अवैध रूप से शराब बिक्री/परिवहन करने वाले शराब कोचिया के विरुद्ध पुलिस की कार्यवाही




**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के दिशा-निर्देश पर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वाले कोचियों/तस्करों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। उसी कड़ी में 19 फरवरी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कालकापारा डोंगरगढ़ निवासी राज नंदेश्वर द्वारा शराब दुकान से अधिक मात्रा में शराब लेकर अपने मोटर सायकल से बिक्री हेतु परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम राका मोड़ पेट्रोल पंप के सामने मुख्य मार्ग पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। जिसमें आरोपी के कब्जे से 16 पाव रोमीओ देशी मदिरा, 16 पाव जम्बू स्पेशल व्हिस्की,02 पाव 7 PM व्हिस्की सहित मोटर सायकल पल्सर की जप्ती बनाकर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रॉंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

# मानवता अभी जिंदा है तुमड़ीबोड़ में दिखी मिसाल

## दुकानदारों, महिलाओं और डॉक्टर की त्वरित मदद से समय रहते मिला उपचार



**तुमड़ीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)।** जिले में मानवीय संवेदना और त्वरित सहायता का एक प्रेरक उदाहरण सामने आया जब राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक प्रसूता महिला और उसके 18 दिन के नवजात शिशु को बड़ी दुर्घटना से बचा लिया गया। स्थानीय दुकानदारों, कर्मचारियों, पड़ोसी महिलाओं और स्वास्थ्य अमले की सजगता से समय रहते दोनों की जान सुरक्षित रही। आज दोपहर लगभग 12:00 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर तुमडीबोड में एक महिला अपनी मोटरसाइकिल पर अपने 18 दिन के नवजात शिशु के साथ इलाज कराकर राजनांदगांव से अपने ग्राम कोहका लौट रही थीं। महिला की ऑपरेशन से डिलीवरी हुई थी और तीन दिन पहले ऑपरेशन के टांके खुलवाए गए थे। साई बाबा ट्रेडर्स, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू की किराना दुकान के पास अचानक महिला को चक्कर आ गया और वह चलती गाड़ी से गिरने लगीं। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए दुकान के कर्मचारियों ने दौड़कर नवजात शिशु को सुरक्षित पकड़ लिया जबकि महिला सड़क पर गिर पड़ीं। घटना के तुरंत बाद महिला को दुकान परिसर में सुरक्षित स्थान पर लाया गया। आसपास के लोगों ने सहयोग किया और पड़ोस में रहने वाली महिलाओं ने तेल मालिश कर प्राथमिक सहायता प्रदान की। इस दौरान मदन साहू ने तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तुमडीबोड से संपर्क किया। सूचना मिलते ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की डॉक्टर धनेश्वरी देवांगन (क्रऌ) तुरंत मौके पर पहुंचीं और अपनी सेवाएं दीं। प्राथमिक जांच के बाद उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के टांकों की स्थिति गंभीर हो सकती है जिन्हें दिखाना आवश्यक है और संभावित रूप से दोबारा ऑपरेशन की भी जरूरत पड़ सकती है। डॉक्टर ने परिजनों को जिला अस्पताल/मेडिकल कॉलेज या किसी बड़े अस्पताल में तत्काल ले जाने की सलाह दी। प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने तुरंत वाहन की व्यवस्था की और महिला व नवजात को राजनांदगांव जिला अस्पताल के लिए रवाना किया गया जहां आगे का इलाज सुनिश्चित किया गया।

इस मानवीय प्रयास में डॉ. धनेश्वरी देवांगन (क्रऌ), श्री हरि बंजारे, सुपरवाइजर हेमंत साहू, रॉयल एंटरप्राइजेज, आसपास के दुकानदारों और स्थानीय महिलाओं का विशेष योगदान रहा। सभी की तत्परता और सहयोग ने एक बड़ी अनहोनी को टाल दिया। यह घटना बताती है कि समय पर मदद, सामूहिक प्रयास और संवेदनशीलता से किसी भी आपात स्थिति में जीवन बचाया जा सकता है। स्थानीय लोगों और स्वास्थ्य अमले की यह पहल सराहनीय है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com